Bareilly Thursday
9 February 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 10

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO:05 BOTTOM

भारतीय संगीत और कला को संरक्षण का प्रयास

रिद्धिमा के दूसरे स्थापना दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता, नृत्य कला की वर्कशॉप आयोजित

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (8 Feb): एसआरएमएस रिद्धिमा के दूसरे स्थापना दिवस पर संस्थापक देवमूर्ति ने प्रेरणास्रोत स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व मंत्री समाजसेवी श्रीराम मूर्ति को याद किया. दूसरे स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रख्यात कथक नृत्यांगना कमलिनी ने रिद्धिमा से अपने लगाव की बात कही. कहा कि दुनिया के किसी भी देश में वो अपनी परफॉर्मेंस दे रहीं हों, लेकिन उसमें बरेली जितना आनंद नहीं आता. इसकी वजह बरेली अपना शहर होना है. यहां रिद्धिमा जैसा स्तरीय संस्थान है जो भारतीय नृत्य और संगीत के प्रचार-प्रसार के साथ वाद्ययंत्रों को संरक्षित करने में अपना अमूल्य योगदान दे रहा है. इसके लिए संस्थान के संस्थापक देवमूर्ति बधाई के पात्र हैं. कला और संस्कृति के लिए उनका लगाव ही है, जो रिद्धिमा के रूप में साकार हुआ है. विश्वास है यह संस्थान विश्व में अपनी पहचान बनाने में कामयाब होगा. इस मौके पर कमलिनी के शिष्य विश्वदीप शर्मा ने अपनी परफार्मेंस से दर्शकों को झूमने पर मजबूत कर दिया.यमन राग पर कथक के विद्यार्थियों ने भी प्रस्तुति दी. राग जोक पर रिद्धिमा के गायन और इंस्ट्रुमेंटल गुरुओं ने प्रस्तुति दी. स्थापना दिवस समारोह में आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, श्यामल गुप्ता, डॉ. रजनी अग्रवाल, सुरेश सुंदरानी, डॉ. एसबी गुप्ता, डॉ. आरपी सिंह, एयर मार्शल डॉ. एमएस भटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. सीएम चतुर्वेदी, डॉ. रीटा शर्मा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता व डॉ. अनुज कुमार रहे.

● बेहतर प्रस्तुति देने वालों को हुआ सम्मान.